भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2200

गुरुवार, 10 मार्च, 2016/ 20 फाल्गुन, 1937 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में शिकायतें

2200. कुमारी सुष्मिता देव:

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया:

डॉ मनोज राजोरिया:

श्री धर्मेन्द्र यादव:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के निर्माण/विकास कार्य की गुणवत्ता के संबंध में सरकार को प्राप्त शिकायतों और परिवादों का राजस्थान सहित राज्य-वार ब्यौरा
क्या है और इन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों/सड़कों के निर्माण/विकास कार्य की गुणवत्ता की निगरानी/परीक्षण के लिए कोई तंत्र स्थापित किया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान लोगों से प्राप्त परिवादों और शिकायतों के त्वरित समाधन के लिए निर्देशत संबंधित अधिकारियों सहित इनके द्वारा की गई जांच का ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय राजमार्गों/सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच)/सड़कों के निर्माण/विकास कार्यों की गुणवत्ता के बारे में मंत्रालय को प्राप्त शिकायतों/परिवादों का ब्यौरा अनुलग्नक में है ।

(ख) से (घ): राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, सड़कों और पुल निर्माण कार्यों हेतु भारतीय सड़क कांग्रेस के मार्गनिर्देशों और मंत्रालय के मानक विनिर्देशनों के अनुसार किया जाता है । इंजीनियर द्वारा कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री और सैम्पलों का नियमित परीक्षण किया जाता है । जब भी निर्माण में दोष पाया जाता है, उसे ठेकेदार द्वारा दोष निवारण वचनबद्धता अवधि के भीतर ठीक किया जाता है । इंजीनियर के अतिरिक्त मंत्रालय ने भी कार्य-स्थल का निरीक्षण करने और सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी करने के लिए नेशनल प्रोजेक्ट मॉनिटरों की नियुक्ति की है ।

अनुलग्नक

“राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में शिकायतें” के संबंध में कुमारी सुष्मिता देव, श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया, डॉ मनोज राजोरिया और श्री धर्मेन्द्र यादव द्वारा 10.03.2016 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2200 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

2012-13, 2013-14, 2014-15 और 2015-16 में मंत्रालय में निर्माण गुणवत्ता के बारे में प्राप्त शिकायतों/परिवादों का राज्यवार और स्कीमवार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्कीम	संख्या
1	झारखंड	1
2	कर्नाटक	1
3	मध्य प्रदेश	1
4	तेलंगाना	1
5	एनएचडीपी-IV ए	82
6	एनएचआईआईपी	1
7	एनएचएआई	26

*****